हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 19 मार्च 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO.09, MIDDLE LEFT

कंधे-घुटने की सर्जरी का सजीव प्रसारण

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में रविवार को हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग और यूपी आर्थोस्कोपी एसोसिएशन ने सेमिनार का आयोजन किया। इसका विषय कंधे और घुटने की हड्डी की दूरबीन विधि और आर्थोस्कोपी सर्जरी रही। इस मौके पर कंधे और घुटने की आर्थोस्कोपी सर्जरी का आपरेशन थिएटर से सजीव प्रसारण किया गया। सीएमई का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, हड्डी एवं जोड रोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डा. संजय गुप्ता और सह आयोजन सचित डा. उत्कल गुप्ता ने दीप जलाकर किया।

चेयरमैन ने यूपी आर्थोस्कोपी एसोशिएसन के अध्यक्ष डा. केडी त्रिपाठी को पौधा और स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया। व्यक्त किया। एम्स, नई दिल्ली से आये डा. रवि मित्तल ने कंधे और घुटने के आपरेशन के बाद रोगियों को होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। केजीएमयू लखनऊ के डा. आशीष कुमार ने कंधे की दूरबीन विधि सर्जरी (आर्थोस्कापी) से स्वतः कंधा उतरने की बिमारी के इलाज के बारे में बताया।

चेयरमैन देवमूर्ति ने डॉ. केडी त्रिपाठी को पौधा देकर सम्मानित किया।

स्पोर्ट इन्जरी सेन्टर, नई दिल्ली के डा. हिमांशु कटारिया ने घुटने की जांच की सहायता से रोग की पहचान करने के विषय में बताया। सेमिनार में स्पोर्ट इन्जरी सेन्टर, नई दिल्ली के डा. विनीत जैन ने घुटने की मल्टी लिगामैन्ट चोट के विषय में जानकारी दी। इसके साथ ही ओजस अस्पताल आगरा के डा. अरूण गुप्ता, स्पोर्ट इन्जरी सेन्टर नई दिल्ली के डा. पल्लव मिश्रा, डा. हिमांशु गुप्ता, सर गंगा राम अस्पताल नई दिल्ली के इण्डियन आर्थोस्कोपी एसोशिएसन के अध्यक्ष डा. प्रतीक गुप्ता, बरेली आर्थोपेडिक एसोशिएसन के सचिव डा. विनोद पागरानी समेत अन्य डाक्टरों ने आपरेशन के बारे में अपने विचार रखे। इसके बाद घुटने औ कंधे की जटील सर्जरी का आपरेशन थियेटर से सजीव प्रसारण किया गया। आयोजन सचिव डा. उत्कल गुप्ता ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में डा. विवेक अग्रवाल, डा. एसके कौशिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।